आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

प्रादेशिक समाचार बुलेटिन

**18.45 शनिवार** **दिनांक 08.03.2025**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः–**

- **राष्ट्रपति ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कार्यबल में महिलाओं की अधिक भागीदारी का आह्वान किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए समर्पित।**
- **मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय महिला सम्मेलन में हुए शामिल–महतारी वंदन योजना की तेरहवीं किस्त जारी की।**
- **प्रदेश के सभी जिला और व्यवहार न्यायालयों में आज राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया।**
- **हिदायतुल्लाह राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के आठवें दीक्षांत समारोह में तेरह विद्यार्थियों को उनकी उपलब्धियों के लिए छत्तीस स्वर्ण पदक प्रदान किए गए।**

**राष्ट्रपति–महिला सम्मेलन**

आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस है। इस अवसर पर प्रदेश सहित देशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कार्यबल में महिलाओं की अधिक भागीदारी पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि भारत के विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर होने को देखते हुए यह आवश्यक है। आज नई दिल्ली में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में नारी शक्ति से विकसित भारत पर एक दिन के सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए उन्होंने कहा कि देश की बेटियां विकसित भारत का स्वप्न साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

**एक मां अपने प्रयासों से बच्चों को आदर्श नागरिक बना सकती है। मेरा मानना है कि स्वावलंबी, स्वाभिमानी, स्वतंत्र और सशक्त नारी के बल पर ही विकसित भारत का निर्माण हो सकता है। विकसित भारत का संकल्प हम सबका संकल्प है, जिसे हम सभी को मिलकर पूरा करना होगा। इसलिए मैं सभी को अपील करूंगी कि महिलाओं को सबल, सशक्त और आत्मनिर्भर बनने में हर कदम में सहयोग करें।**

**प्रधानमंत्री–लखपति दीदी संवाद**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि उनकी सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए समर्पित है। उन्होंने महिलाओं के जीवन को बेहतर बनाने के लिए उठाए गए महत्वपूर्ण कदमों पर प्रकाश डाला। आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर गुजरात के नवसारी में आयोजित 'लखपति दीदी सम्मेलन' को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने जोर दिया कि भारत, महिला–नेतृत्व वाले विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

**नारी का सम्मान, यही समाज और देश के विकास की पहली सीढ़ी होती है। इसलिए विकसित भारत बनाने के लिए, भारत के तेज विकास के लिए आज भारत वूमेन लेड डेवलेपमेंट की राह पर चल पड़ा। हमारी सरकार महिलाओं के जीवन में सम्मान और सुविधा दोनों को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है।**

प्रधानमंत्री ने लखपति दीदी सम्मेलन के दौरान पच्चीस हजार से अधिक स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को चार सौ पचास करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता वितरित की। श्री मोदी ने पांच लखपति दीदियों को लखपति दीदी प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इससे पहले, प्रधानमंत्री ने 'लखपति दीदी' योजना की दस लाभार्थियों से बातचीत की। इस दौरान इन लाभार्थियों ने अपने अनुभव साझा किए।

## महिला दिवस–छत्तीसगढ़–01

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर प्रदेश में भी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में आज राजधानी रायपुर में आयोजित महतारी वंदन सम्मेलन में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल हुए। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने महतारी वंदन योजना की तेरहवीं किस्त जारी की। इसके तहत राज्य की लगभग सत्तर लाख महिलाओं के खाते में छह सौ पचास करोड़ रूपए से अधिक की राशि अंतरित की गई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि विकसित छत्तीसगढ़ के संकल्प को साकार करने के लिए महिलाओं की सहभागिता महत्वपूर्ण है। इसी को ध्यान में रखकर राज्य सरकार ने महतारी वंदन योजना जैसी ऐतिहासिक पहल की है, जिससे प्रदेश की लाखों महिलाओं को आर्थिक संबल मिला है और वे आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर हो रही है। श्री साय ने कहा कि राज्य सरकार महिलाओं को हर क्षेत्र में समान अवसर देने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने समाज के हर व्यक्ति से महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए समानता, सम्मान और सुरक्षा का वातावरण बनाए जाने की अपील की।

सम्मेलन में मुख्यमंत्री ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं के मानदेय भुगतान के लिए "सम्मान सुविधा प्रणाली" का शुभारंभ किया। यह पहली बार हुआ जब मुख्यमंत्री ने स्वयं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को डिजिटल और केन्द्रीयकृत प्रणाली के माध्यम से सीधे मानदेय का भुगतान किया। इसके अलावा श्री साय ने बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के पोर्टल, इंफ्रा पोर्टल तथा स्थापना पोर्टल का भी शुभारंभ किया। साथ ही महिला सुरक्षा को और प्रभावी बनाने के लिए सखी वन स्टाप सेंटर की मानक संचालन प्रक्रिया–एसओपी का विमोचन भी किया। इसी के साथ छत्तीसगढ़ देश का पहला राज्य बना, जिसने सखी वन स्टाप सेंटर के सुचारू संचालन के लिए एक निर्धारित एसओपी को लागू किया है।

## महिला दिवस–छत्तीसगढ़–02

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने राज्य की बत्तीस उत्कृष्ट आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, तीन सर्वश्रेष्ठ सखी वन स्टाप सेंटर, दो नवा बिहान योजना के महिला संरक्षण अधिकारी सहित महिला सशक्तिकरण में विशिष्ट उपलब्धि हासिल करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए महिला और बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि राज्य सरकार महिलाओं के सम्मान और सुरक्षा को लेकर सजग है।

उधर, राजनांदगांव में विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह ने आज महिला पुलिस थाने का लोकार्पण किया। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष ने महिला पुलिस कर्मियों को सशक्त नारी सशक्त समाज के निर्माण के लिए प्रोत्साहन स्वरूप प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। वहीं, डॉक्टर सिंह ने महिला पुलिस कर्मियों की हेलमेट रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। आकाशवाणी के प्रादेशिक समाचार एकांश द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विशेष कार्यक्रम का प्रसारण आज रात आठ बजे से किया जाएगा। इसे छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केंद्र रिले करेंगे।

## वेब्स–बैठक

केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्रालय के सचिव संजय जाजू ने मनोरंजन, रचनात्मकता और संस्कृति की दुनिया को एक साथ लाने वाले वैश्विक शिखर सम्मेलन– वेव्स की तैयारियों की निगरानी के लिए मुंबई में एक बैठक की। इस मौके पर श्री जाजू ने वेव्स के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि इसका उद्देश्य भारत की आध्यात्मिक विरासत को बढ़ावा देना, देश को वैश्विक सामग्री केंद्र और निर्यातक के रूप में स्थापित करना, भारत की सांस्कृतिक और भाषाई विविधता को संरक्षित करना, भारतीय मीडिया की उपस्थिति को विश्व में विस्तारित करना और प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय निवेशों को आकर्षित करना है। केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्रालय, महाराष्ट्र सरकार के सहयोग से, एक से चार मई तक मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में इस शिखर सम्मेलन का आयोजन करेगा।

## राष्ट्रीय लोक अदालत

प्रदेश के सभी जिला और व्यवहार न्यायालयों में आज राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आयोजित इस लोक अदालत में लाखों प्रकरणों का आपसी समझौते के साथ निराकरण किया गया। इनमें लंबित मोटर दुर्घटना दावा से संबंधित प्रकरण, चेक बाउंस, मेट्रोमोनियल डिस्प्युट के अलावा जल कर, संपत्ति कर, राजस्व संबंधी प्रकरण, ट्रैफिक चालान, भाड़ा नियंत्रण, आबकारी और बैंक तथा विद्युत संबंधी प्री–लिटिगेशन प्रकरण शामिल हैं।

## हिदायतुल्लाह विवि–दीक्षांत समारोह

रायपुर के हिदायतुल्लाह राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय में आज आठवें दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति पी.एस. नरसिम्हा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले तेरह विद्यार्थियों को उनकी उपलब्धियों के लिए छत्तीस स्वर्ण पदक प्रदान किए। वहीं, एक सौ इकसठ विद्यार्थियों को डिग्री दी गई। इसी तरह, एल.एल.एम. के नब्बे स्नातक छात्र–छात्राओं को उपाधि दी गई। इसके अलावा एक शोधार्थी को पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। कार्यक्रम में सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा और उपमुख्यमंत्री अरूण साव विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद थे।

## दिलीप सिंह जूदेव–जयंती

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज स्वर्गीय दिलीप सिंह जूदेव की जयंती के अवसर पर जशपुर जिले के बाजारडांड, कुनकुरी में स्थापित स्वर्गीय जूदेव की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस दौरान उन्होंने स्वर्गीय जूदेव के जीवन पर आधारित छायाचित्र प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। वहीं, मुख्यमंत्री कुनकुरी के सलियाटोली में आयोजित स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित नागरिकों से स्वास्थ्य शिविर का अधिकतम लाभ उठाने का आग्रह किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने हितग्राहियों को आयुष्मान और वंदना कार्ड वितरण सहित निक्षय मित्रों को सम्मानित किया।

## बस्तर पुरस्कृत

नीति आयोग ने बस्तर जिले को शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार और नवीन शैक्षणिक तकनीकों के सफल क्रियान्वयन में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए तीन करोड़ रूपए के पुरस्कार से सम्मानित किया है। इस उपलब्धि के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बस्तर जिले के अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और सरकार की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व्यवस्था के प्रति प्रतिबद्धता ने जिले को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है।

## संक्षिप्त समाचार

– बिलासपुर जिला पंचायत में भाजपा समर्पित प्रत्याशी राजेश सूर्यवंशी ने अध्यक्ष पद हासिल कर लिया है। उन्होंने नौ वोटो के अंतर से जीत हासिल की है।

– सूरजपुर में आज एक तेज रफ्तार वाहन अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गया। इस हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

– उधर, कोरबा जिले के जावली मुख्य मार्ग पर बीती रात हुए एक सड़क दुर्घटना में एक आरक्षक की मौत हो गई। मृतक भूपेन्द्र कंवर दीपका थाना में पदस्थ था।

– कबीरधाम स्थित भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना ने गन्ना किसानों को पांच करोड़ बाईस लाख रूपए का भुगतान जारी कर दिया है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>